# चौदह हजार परियोजनाओं में रोजगार देने में कानपुर अव्वल

## कानपुर नगर में मेगा लेदर क्लस्टर पार्क से 2.5 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** भूमि पूजन समारोह के बाद कानपुर नगर और बुलंदशहर जैसे शहर बड़े पैमाने पर रोजगार के साधन बनने जा रहे हैं। कानपुर नगर में लेदर सेक्टर में लगने जा रहे प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क से करीब 2.5 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। रोजगार के लिहाज से ये संख्या भूमि पूजन समारोह में शामिल 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं में सबसे ज्यादा है। बुलंदशहर में ओब्दु ग्रुप की ओर से डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक में किए जा रहे निवेश से भी 70 हजार लोग रोजगार से लाभान्वित होंगे।

कानपुर नगर में मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट (यूपी) लिमिटेड के माध्यम से इस परियोजना की शुरुआत की जा रही है। जिसमें 5850 करोड़ रुपये निवेश किए जा रहे हैं। प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क परियोजना रोजगार के लिहाज से सबसे ऊपर है। मेगा लेदर क्लस्टर में कुल 408 कंपनियां विभिन्न परियोजनाओं में 25,339 करोड़ रुपये का निवेश कर रही हैं, जिससे लाखों रोजगार के अवसर सृजित होंगे। ये क्लस्टर यूपी को लेदर निर्यात में शीर्ष स्थान पर पहुंचा देगा। अभी इस कानपुर-उन्नाव बेल्ट से करीब 10 हजार करोड़ का निर्यात लेदर सेक्टर में हो रहा है। लेदर क्लस्टर में 12 हजार करोड़ का नया उत्पादन होगा। अगले तीन साल में यहां से लेदर निर्यात कम से कम 15 हजार करोड़ रुपये होगा। घरेलू लेदर बाजार में भी यूपी का दबदबा बढ़ेगा।

### भूमि पूजन समारोह : बुलंदशहर में डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक हजारों को रोजगार देगा

### कई शहरों में होगी विलेज हेल्थ सेंटर की स्थापना

इसी तरह ओब्दु ग्रुप अपनी सहायक कंपनी ओब्दु डिजिटल हेल्थ के माध्यम से प्रदेश के कई शहरों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित विलेज हेल्थ सेंटर की स्थापना करने रहा है। यह विलेज हेल्थ सेंटर डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक की तरह काम करेंगे। इसके माध्यम से अकेले बुलंदशहर में 3350 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है, जिससे 70 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। यह परियोजना बुलंदशहर के बाद लखनऊ, प्रयागराज, फतेहपुर, गोण्डा, बहराइच, कन्नौज, कानपुर, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली, मिर्जापुर, गाजीपुर, वाराणसी, शाहजहांपुर, बांदा, हमीरपुर, प्रतापगढ़, भदोई, कौशाम्बी, चित्रकूट और गोरखपुर में भी धरातल पर उतारी जाएगी।